दिनांकः 23.08.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- देश आज मना रहा है पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस–राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भारत मंडपम में मुख्य समारोह का करेंगी उद्घाटन।
- पुलिस की स्पेशल टीम ने भिवाड़ी में आतंकी संगठन से जुड़े छह संदिग्धों को हथियारों के साथ किया गिरफ्तार।
- प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में गंभीर घायल व्यक्ति को न्यूनतम समय में निकटतम अस्पताल में पहुंचाने वाले व्यक्ति को राज्य सरकार करेगी पुरस्कृत।
- राज्य में मॉनसून की सक्रियता से कई स्थानों पर बारिश–आगामी दिनों में इसमें बढोतरी की संभावना।

......................

देशभर में आज पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया जा रहा है। पिछले साल आज ही के दिन चन्द्रयान–3 मिशन के विक्रम लैंडर की चन्द्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग हुई थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में मुख्य समारोह का उद्घाटन करेंगी। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के इस वर्ष का विषय है – ''चंद्रमा का स्पर्श करते हुए जीवन के प्रति सजग होना : भारत की अंतरिक्ष गाथा'' इस अवसर पर राष्ट्रपति रोबोटिक्स चैलेंज और भारतीय अंतरिक्ष हैकथॉन के विजेताओं को सम्मानित भी करेंगी।
प्रदेश में भी राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के निदेशक अविचल चतुर्वेदी ने आदेश जारी कर शिक्षा विभाग के कार्योलयों और विद्यालयों में अंतरिक्ष दिवस मनाने को कहा है।
अंतरिक्ष दिवस के उपलक्ष में जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में केन्द्रीय संचार ब्यूरो की ओर से चित्र प्रदर्शनी भी लगाई गई है। प्रदर्शनी का कल सांसद मंजू शर्मा ने उद्घाटन किया। ये प्रदर्शनी कल तक आयोजित की जाएगी।

......................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 अगस्त को 11 लाख लखपति दीदीयों के सम्मान मे आयोजित समारोह में उन्हें प्रमाण पत्र सौंपेंगे। प्रधानमंत्री लखपति दीदीयों के साथ संवाद भी करेंगे। महाराष्ट्र के जलगांव में आयोजित समारोह से देशभर के 34 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से लगभग 30 हजार स्थानों के जिला मुख्यालय, सीएलएफ वर्चुअल माध्यम से जुडेंगे।
केंद्रीय कृषि तथा किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस कार्यक्रम को लेकर कल नई दिल्ली में प्रेसवार्ता में बताया कि समारोह में श्री मोदी ढाई हजार करोड़ रुपये का रिवॉल्विंग फंड भी जारी करेंगे। इससे 4 लाख 30 हजार स्वयं सहायता समूहों के लगभग 48 लाख सदस्यों को लाभ मिलेगा। इनमें राजस्थान के 67 हजार 620 स्वंय सहायता समूह भी शामिल हैं। श्री सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री पांच हजार करोड़ रुपये के बैंक ऋण भी जारी करेंगे, जिससे 2 लाख 35 हजार 400 स्वयं सहायता समूह के 25 लाख 80 हजार सदस्य लाभान्वित होंगे। उन्होंने बताया कि ग्रामीण विकास मंत्रालय ने सौ दिनों में 11 लाख लखपति दीदीयां बनाने का लक्ष्य रखा था, जबकि अब तक 15 लाख लखपति दीदीयां बना दी गई हैं।

......................

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रदेश के दो दिवसीय दौरे के तहत कल उदयपुर के स्मॉल इंडस्ट्रीज डवलपमेंट बैंक (सीडबी) कार्यालय का अवलोकन किया। श्रीमती सीतारमण ने चार सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों को लगभग पांच करोड़ रूपये के ऋण के स्वीकृति पत्र प्रदान किये। उन्होंने कहा

कि देश में जहा भी एमएसएमई क्लस्टर है, वहां सिडबी की उपस्थिति जरूरी है। वित्तमंत्री ने कहा कि एसएमएसई क्लस्टर के लिए सिडबी का उपस्थित होना इस वित्तीय वर्ष के बजट का मुख्य प्रावधान है। इस अवसर पर केन्द्रीय सूक्षम लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि बजट में एमएसएमई को बढावा देने के लिए विशेष जोर दिया गया है। इसका सभी लघु उद्यमियों को फायदा होगा।

......................

दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम ने राजस्थान पुलिस के सहयोग से कल भिवाड़ी के चौपानकी इलाके से आतंकी संगठन अल–कायदा से जुड़े छह संदिग्धों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। इन्हें पूछताछ के लिए दिल्ली ले जाया गया है। ये लोग भिवाड़ी में हथियार चलाने की ट्रेनिंग ले रहे थे। एजेंसी के अनुसार मॉड्यूल के सदस्यों को अलग–अलग स्थानों पर हथियार चलाने की ट्रेनिंग भी दी गई थी। जयपुर रेंज आईजी अनिल कुमार टांक ने बताया कि पुलिस को भिवाड़ी में आतंकी गतिविधि की जानकारी मिलने पर चौपानकी के इंडस्ट्रियल एरिया में दबिश दी गई। जहां सभी छह संदिग्ध एक साथ रह रहे थे। भिवाड़ी पुलिस को भी इस ऑपरेशन की पहले से जानकारी थी और आरोपितों पर नजर रखी जा रही थी। आरोपितों की पहचान का खुलासा अभी नहीं हुआ है। हालांकि इनके तार झारखंड में पकड़े गए आरोपितों से जुड़े होने की संभावना है।

......................

प्रदेश में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में गंभीर घायल व्यक्ति को न्यूनतम समय में निकटतम सरकारी या निजी अस्पतालों में पहुंचाने वाले व्यक्ति को राज्य सरकार 10 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि और प्रशस्ति पत्र देगी। इसके लिये मुख्यमंत्री आयुष्मान जीवन रक्षा योजना बनाई गई है। घायल व्यक्तियों का जीवन बचाने के लिए आमजन को प्रेरित करने के उद्देश्य से ये योजना लाई गई है। परिवहन आयुक्त ने बताया कि इस योजना के लिए बजट का प्रावधान परिवहन और सड़क सुरक्षा विभाग के सड़क सुरक्षा कोष द्वारा वहन किया जाएगा।

......................

प्रदेश में मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना के बेहतर क्रियान्वयन के उद्देश्य से बनाने के उद्देश्य से राजस्थान मेडिकल सर्विसेज़ कॉरपोरेशन की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि के नेतृत्व में चार सदस्यीय दल मध्यप्रदेश में चल रही निःशुल्क दवा योजना का अध्ययन करने भोपाल गया है। श्रीमती गिरि ने बताया कि मध्यप्रदेश के आयुष्मान आरोग्य मंदिर और उप स्वास्थ्य केंद्रों तक दवा आपूर्ति तंत्र का अध्ययन किया जाएगा। इस अध्ययन से प्राप्त अनुभवों के आधार पर राज्य के दवा आपूर्ति तंत्र को मजबूत बनाया जाएगा।

......................

राज्य में पिछले 24 घंटों में सक्रिय मॉनसून के कारण कई स्थानों पर बारिश हुई। जयपुर सहित करीब 15 शहरों में हल्की से मध्यम और कहीं–कहीं भारी बारिश दर्ज की गई। टोंक, दौसा, अजमेर, सीकर, जोधपुर, चूरू, श्रीगंगानगर, जालौर, हनुमानगढ़, सिरोही और करौली सहित अन्य स्थानों पर बारिश हुई। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में बारिश की गतिविधियों में और बढ़ोतरी की संभावना व्यक्त की है।
मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि पूर्वी राजस्थान के कई भागों में मानसून सक्रिय रहने से जयपुर, कोटा, अजमेर, उदयपुर संभाग के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और कहीं–कहीं भारी बारिश की प्रबल संभावना है।

......................

डिजीलॉकर से प्रमाणपत्र डाउनलोड करने के लिए खिलाड़ियों की सहायता के लिए खेलो इंडिया आज एक वेबिनार आयोजित करेगा। खेलो इंडिया का यह विशेष वेबिनार "डिजिलॉकर से खेलो इंडिया सर्टिफिकेट कैसे डाउनलोड करें" शीर्षक के साथ दोपहर तीन बजे से शुरू होगा। खिलाडी खेलो इंडिया के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर वेबिनार में शामिल हो सकते हैं। पिछले साल अप्रैल महीने में, भारतीय खेल प्राधिकरण ने डिजीलॉकर के साथ खेलो इंडिया गेम्स सर्टिफिकेट को एकीकृत किया था।

......................

खेलो इंडिया अस्मिता वुशु लीग पश्चिम क्षेत्र कल से उत्तर प्रदेश के मेरठ में शुरू होगी। चार दिन तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में राजस्थान के अलावा उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात सहित पश्चिम क्षेत्र के विभिन्न राज्यों की महिला एथलीट भाग लेंगी। इसका सीधा प्रसारण खेलो इंडिया विमेंस लीग के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर किया जाएगा।

......................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 113वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन. ए. आई. आर. मोबाइल एप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी प्रदेशिक भाषाओं में इसका प्रसारण करेगा।

......................